**श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्विद्यालय, नई दिल्ली**
**(केन्द्रीय विश्विद्यालय)**
**बी.-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016**

क्रमांक: एफ.-3(100)/ला.ब.श.वि./2025-26/ 1355 06.11.2025

**<u>कार्यालयीय सूचना</u>**

**शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शास्त्री एवं बी.ए. योग में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष** में अध्ययनरत छात्रों को कार्यालयीय सूचना क्रमशः दिनांक 06.10.2025 एवं 13.10.2025 के माध्यम से सूचित किया गया था कि विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित विषयों में किसी एक विषय को चयन करना अनिवार्य है।

अंतिम तिथि 16.10.2025 तक विभिन्न विषयों के (सूची संलग्न) कुछ छात्रों द्वारा विषय चयन हेतु निर्धारित प्रारूप को भरकर संबंधित विभाग के माध्यम से शैक्षणिक विभाग में प्रेषित नहीं किया गया है जिसके कारण उपस्थिति पत्र एवं SAMARTH PORTAL विषयों का विवरण प्रदर्शित करने का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है।

इस संदर्भ में संबंधित विभागों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.11.2025 तक अपने **विभागीय छात्रों द्वारा शैक्षणिक विभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें।** उपरोक्त समय अवधि में जानकारी प्राप्त न होने की स्थिति में, संबंधित छात्रों की उपस्थिति एवं परीक्षा संबंधित समस्याओं के लिए छात्र स्वयं उत्तरदायी होगा।

**संलग्नकः संबंधित विषयों के छात्रों की सूची।**

सहायक कुलसचिव
(शैक्षणिक)

**प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्नलिखत को प्रेषित।**

1. संबंधित पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि अपने-अपने विभाग में पंजीकृत छात्रों का विवरण निर्धारित प्रारूप में भरवाकर शैक्षणिक विभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें।
2. परीक्षा नियंत्रक
3. पीठ प्रमुख एवं सहायक पीठ प्रमुख, शैक्षणिक
4. कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सचिव
5. संगणक विभाग-इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अंकित करने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित पंजिका।

सहायक कुलसचिव
(शैक्षणिक)

आवश्यक कार्यवाही हेतु
07/11/25
श्री सचिन